रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) : (क) जी हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) बिहार में इन परियोजनाओं के लिए 1993-94 में 54 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है । यह राशि कुल आवंटन का 4.3 प्रतिशत है ।

(ङ) जी हां ।

(च) बिहार में पूर्वोत्तर रेलवे के कर्पूरीग्राम-सिहो खंड का दोहरीकरण 1993-94 के बजट में शुरू किए जाने का प्रस्ताव है । 26.16 कि.मी. लम्बी इस दोहरी लाइन के बिछाने पर 23.61 करोड रुपए की लागत आने का अनुमान है और इसके तीन वर्षों में पूरा हो जाने की संभावना है ।

बलसाड़ से बडौदा के बीच ई. एम. यू. रेल सेवा

4303. श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बलसाड़ से बडौदा के बीच ई.एम.यू. रेल सेवा शुरू करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) पश्चिम रेलवे ने हाल ही में बिरार-बडोदरा-अहमदाबाद के बीच ई. एम.यू. किस्म की सेवाओं को चलाने के लिए अपेक्षित लाइन क्षमता और सुविधाओं की पहचान करने के लिए एक सर्वेक्षण पूरा किया है । सर्वेक्षण रिपोर्ट का विश्लेषण कर लेने के बाद और वित्तीय संसाधनों की स्थिति को ध्यान में रखकर ही निर्णय लिया जा सकता है।

दिल्ली से पटना तथा बरौनी के बीच चलने वाली रेलगाड़ियों में द्वितीय श्रेणी शयनयान

4304. श्री कामेश्वर पासवान : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली से पटना तथा बरौनी के बीच चलने वाली रेलगाड़ियों में द्वितीय श्रेणी के शयनयानों में आरक्षण के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की यात्रा कष्ट कर होती जा रही है जिसका एक कारण ऐसे डिब्बों में बड़ी संख्या में सामान्य यात्रियों का घुस जाना है;

(ख) यदि हां, तो शयनयानों में आरक्षण के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की असुविधा को दूर करने के लिये रेल विभाग ने क्या उपाय किये हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि अधिकांश डिब्बों में टिकटों की जांच करने अथवा